को उपलब्ध कराई जाए और यह राशि कम्पेंसेशन में से न काटी जाये । सरकार ने यह भी आश्वासन दिया था कि गैस से प्रभावित लोगों के हकों के लिए लड़ने वालों के विरुद्ध जो पुलिस केस बनाये गये हैं उनको उसी प्रकार से वापस ले लिया जाएगा जैसे यूनियन कारबाइड के विरुद्ध केसेज वापस लिये गये हैं । अभी तक केसेज नहीं उठाये गये हैं । 5 मई के टाइम्स आफ इंडिया में छपा है कि सरकार अपने दिये गये आश्वासन से बैक आउट कर रही है । इसलिए मैं आपका संरक्षण चाहूंगा कि आप सरकार को निर्देश दें कि वह मध्य प्रदेश सरकार को सेवन ईयर एक्शन प्लान की पूरी राशि प्रदान करें ...(**व्यवधान**)...

श्री सुरेन्द्र सिंह ठाकुर (मध्य प्रदेश) : अगर सरकार ने इस पर गम्भीरता से विचार नहीं किया तो जबर्दस्त आन्दोलन हो जाएगा ...(**व्यवधान**)...

उपसभापति : आपने भोपाल का मसला उठाया है । आपके कहने के मुताबिक सरकार ने इस बारे में एसुरेन्स दिया है तो आप एश्योरेन्स कमेटी को लिखिए । यह गम्भीर मसला है, सरकार इस पर जरूर ध्यान देगी ।

RE. THREATENING LETTER FROM MILITANTS TO DEPUTY CHAIRMAN

डा. रत्नाकर पाण्डेय (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति जी, मैं आपसे संबंधित मामला उठाना चाहता हूं । आज मैंने अखबारों में पढ़ा है कि आपको धमकी भरा पत्र भेजा गया है । आप विदेश यात्रा पर काश्मीर के संबंध में जनमत तैयार करने के लिए गई थीं । उसको लेकर आपको आतंकवादियों ने धमकी भरा पत्र भेजा है जिसे आपने गृह मंत्रालय के पास भेज दिया है । आप इस सदन की उपसभापति हैं। यह मामला सारे सदन के सदस्यों से संबंधित है । इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से जानना चाहूंगा कि यह धमकी भरा पत्र किस का है । और इसमें क्या है ? सरकार आपकी पूरी रक्षा व्यवस्था करे । अगर आतंकवादी आपको धमकी भरा पत्र लिख सकते हैं तो उससे जान का खतरा पैदा हो सकता है और सदन के सदस्यों के लिए भी खतरा पैदा हो सकता है । इसलिए सरकार को पूरी रक्षा व्यवस्था करनी चाहिए ...(**व्यवधान**)...

SHRI V. GOPAL SAMY (Tamil Nadu): Madam Deputy Chairman, I fully associate myself with the sentiments expressed by Mr. Pandey... (*Interruptions*)... Madam, we were very much disturbed when we read this news item and when we learnt that you have received a letter ... (*Interruptions*)... We were all very much concerned about you because you have been threatened... (*Interruptions*)... Therefore, I would request the Government to take very effective steps to provide you the necessary security, to all your family members, to all your kith and kin .. (*Interruptions*)... Everybody is very much disturbed after reading this news item. Therefore, Madam, I would request the Government, particularly the Ministry of Home Affairs, to take effective steps because no chance should be taken and there should be a thorough security arrangement for your entire family, for every member of your family.

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING AND PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI P. UPENDRA): Madam, we will take all the necessary steps... (*Interruptions*)...

THE DEPUTY CHAIRMAN: Thank you.. (*Inerruptions*)...

श्री अटल बिहारी वाजपेयी ... (मध्य प्रदेश) : महोदया,...

उपसभापति : आपको इसी बारे में बोलना है ?

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : हां, मैं इसी बारे में बोल रहा हूं । . . . (व्यवधान) . . .

उपसभापति : मैंने आपकी बात सुन ली । आप बैठ जाइये । . . . (व्यवधान) . . . आप एक मिनट बैठ जाइये । . . . (व्यवधान) . . . Please sit down. . . (*Interruptions*) . . . Please take your seats. . . (*Interruptions*) . . . Mr. Abrar Ahmed, thank you very much. . . (*Interruptions*) . . . All of you, please sit down. . . . (*Interruptions*) . . . देश के लिये कोई कुछ काम करता है और अगर उस पर कोई खतरा आता है तो खुदा उसकी हिफाज़त करता है । सरकार हिफाज़त करेगी । असल जो हिफाज़त होती है वह अल्लाह की तरफ से होती है अल्लाह लोगों को सही रास्ते पर डाले ।

God should help the people to follow the right path. That is all. आप कुछ कहना चाहेंगे ?

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : उपसभापति महोदया, पहली बात तो मैं यह कहना चाहता हूं कि आप इधर की भी सुन लेती है और उधर की भी सुन लेती है । लेकिन जो आपके सामने बैठे हैं . . .

उपसभापति : अटल जी, आपकी तो यह हालत है कि न आप मेरे राइट में हैं और न लेफ्ट में हैं । इसलिये आप मुझे दिखाई नहीं देते । आपके सामने यह जो माइक है . . .

Now, I have identified you, Or, I will ask our Marshal to keep an eye on you. . . (*Interruptions*) . . .

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : महोदया, मैं यह जानना चाहूंगा कि अभी चर्चा हो रही थी कि डाकुमेंट लीक किसने किया तो आपको धमकी भरा जो पत्र मिला है उसको लीक किसने किया ? . . . (व्यवधान) . . . उसको आपको सरकार के पास भेज देना चाहिये और सरकार को पर्याप्त प्रबंध करने चाहियें । लेकिन ऐसे धमकी भरे पत्रों से हमें भयभीत नहीं होना चाहिये, हमें डरना नहीं चाहिये । मुझे भरोसा है कि आप हिम्मत के साथ अपना काम करती जायेंगी । आप अच्छा काम कर रही हैं ।

उपसभापति : यहां, राज्य सभा में जो काम करना पड़ रहा है वह हिम्मत के साथ कर रही हूं ।

DEMAND FOR RESERVATION FOR MIGRANT SCHEDULED CASTE AND SCHEDULED TRIBE PEOPLE

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN (Tamil Nadu): Madam Deputy Chairman, the Supreme Court has given a judgment about the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes. Madam, the Scheduled Caste and the Scheduled Tribe people, who are notified in one State, are not notified in other States when they go there. When they go from one State to another, they are not entitled to educational reservation. Madam, this has been upheld by the Supreme Court saying that the migrant Scheduled Caste and Scheduled Tribe people are not entitled to reservation and other benefits. It has been brought to their notice that sometimes people are really forced to migrate because their parents are in transferable jobs and this migration is because of some factors on which they have no control. The Court has said, "Let the Government come forward with a suitable legislation to protect these people.".

Madam, there has to be a uniform policy on reservations for the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes throughout the country and through you, Madam, I want to urge upon the Government to come forward with a suitable legislation very soon in order to protect those who have been transferred from one State to another, particularly when it is against their wishes. Thank you, Madam.